Title: Demand to sanction funds and start the gauge conversion of the Jabalpur-Nainpur-Gondia Railway line.

श्रीमती जयश्री बैनर्जी (जबलपुर) :महोदय, जबलपुर, म0प्र0 में विगत महीनों से जबलपुर नैनपुर गोंदिया मार्ग को ब्राडगेज में परिवर्तन करने हेतु समस्त राजनैतिक पार्टियां, सामाजिक संस्थाएं, व्यापारी संगठन, आम जनता एवं स्कूल कालेज के छात्र-छात्राओं द्वारा शहर बंद, चक्का जाम, रेल रोको, धरना, अनशन एवं पद यात्रा आदि आंदोलन किए जा रहे हैं। सभी की मांग है कि इस कार्य हेतु 515 करोड़ स्वीकृत कर जबलपुर से शीघ्र कार्य प्रारंभ कराया जाए ताकि महाकौशल क्षेत्र का विकास हो सके। ...(व्यवधान)

महोदय, ब्राडगेज के बारे में मेरा यह कहना है कि इसमें अभी तक कुछ नहीं हुआ है। उसके बारे में शासन को जल्दी निर्णय लेकर उसे करना चाहिए।